## एक नजर में

### बदनावर से पहुंचे चक्काजाम करने कांग्रेस कार्यकर्ता



**बदनावर ।** खलघाट में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित नेशनल हाईवे 3 पर चक्का जाम भरी दोपहर में दो घंटों से अधिक समय तक कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस के नेतागण सड़क पर जमें रहे। चक्का जाम आंदोलन में बदनावर से नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती व विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव चेतन सिंह राठौड़,देवपाल सिंह जाधव, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र जोशी,महेश मुकाती, बद्री लाल पाटीदार, भेरुलाल वसुनिया,कैलाश सिर्वी,बरकत मामा, परमानंद गुर्जर, पूर्व उपसरपंच अशोक पटेल, भेरुलाल पटेल, मदनलाल सीरवी,बाबुलाल मेहरा,नाथु सिंह सोलंकी,साकिर भाई,नारायण भाई सहित कई शामिल हुए।

### बदनावर के परिक्षीत ने एमबीबीएस बनकर बढ़ाया नगर का गौरव

**बदनावर।** नगर के गोरख क्षेत्र निवासी राजस्व निरीक्षक धनंजय उपाध्याय के सुपुत्र परिक्षीत उपाध्याय ने एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल



अपने परिवार, बल्कि पूरे बदनावर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। परिक्षीत की प्रारंभिक शिक्षा काश्यप विद्या पीठ में हुई, जहां से उन्होंने मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण की सीख प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज खंडवा में प्रवेश प्राप्त किया तथा सफलतापूर्वक एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। बचपन से ही डॉक्टर बनकर समाज और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का सपना संजोए परिक्षीत ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर अपनी मंजिल प्राप्त की। उनका कहना है कि चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है और वे भविष्य में गरीब एवं असहाय लोगों के उपचार के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहते हैं। इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों तथा नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है। सफलता का श्रेय उन्होंने ईश्वर, माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। माता श्रीमती शोभना उपाध्याय ने बेटे की सफलता को परिवार के लिए गर्व और खुशी का विशेष क्षण बताते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, संस्कार और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर के अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं गणमान्य लोगों ने परिक्षीत को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जनगणना 2027 के कार्य के सफल संचालन हेतु 30 मई तक जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित

**धार ।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य हेतु ग्रामीण/नगरीय चार्ज कार्यालयों में जनगणना 2027 के कार्य के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय धार में 30 मई 2026 तक के लिये जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष कमांक 07292-232123 है। कन्ट्रोल रूम में नियुक्ति अधिकारी, कर्मचारी 30 मई तक प्रतिदिन अलग-अलग शिफ्ट में प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य सम्पादित करेंगे। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ने उक्त जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाये जाने का आदेश जारी किया है। कन्ट्रोल रूम नोडल अधिकारी केके सिंघी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री जे के पानखे? सहायक सांख्यिकी अधिकारी को बनाया गया है। उक्त उपरोक्तानुसार स्थापित कन्ट्रोल रूम में श्री के.के. सिंघी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी धार कन्ट्रोल रूम नोडल अधिकारी जनगणना 2027 के मार्गदर्शन में सूचनाओं का आदान प्रदान एवं शाखा प्रभारी श्री जे.के पानखेडे सहायक सांख्यिकी अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य करना सुनिश्चित करेगें। साथ ही जिला जनगणना अधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन भर करेगें।

### जिला अधिकारियों की ग्रामीण नगरीय चार्ज कार्यालयों में निरीक्षण हेतु ट्यूटी लगाई

**धार ।** जनगणना 2027 के दो चरणों हेतु प्रथम चरण कार्य के तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिये ग्रामीण नगरीय चार्ज कार्यालयों में जनगणना कार्य नियूक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य 01 मई से प्रारंभ हो गया है जो 30 मई 2026 तक की अवधि में मकानों की गणना एवं सूचीकरण का कार्य समयावधि में सम्पादिन किया जाना है। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना अधिकारी ने भारत शासन के इस अति महत्वपूर्ण कार्य हेतु जिले के समस्त विभाग प्रमुखों का उत्तरदायित्व है कि जनगणना का प्रथम चरण कार्य सुचारू रूप में सम्पन्न हो। इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला अधिकारियों की ग्रामीण नगरीय चार्ज कार्यालयों में निरीक्षण हेतु ट्यूटी लगाने जाने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत नियुक्त जिला अधिकारी अपनी आवंटित नगरीय चार्ज कार्यालयों में नियुक्त जनगणना कार्य हेतु फिल्ड कार्य हेतु नियुक्त प्रगणक/पर्यवेक्षक का मोबाईल एप का निरीक्षण करेंगें। साथ ही ऐसे प्रगणक जिन्हें एक से अधिक एचबीएल आवंटित है द्वारा सभी एचबीएल में कम से कम 1 इन्ट्री कर इसे सिंक किया गया है कार्य देखेंगे। निदेशालय भोपाल द्वारा यह कार्य 30 मई तक की अवधि में निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगें। आवंटित नगरीय चार्ज अधिकारी मुख्य नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं ग्रामीण चार्ज अधिकारी तहसीलदार तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर प्रगणकों को आवंटित 10 गणना ब्लाकों का गंभीरता से निरीक्षण कर जानकारी जिला कार्यालय प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे ।

### वन स्टॉप सेंटर पर काउंसलिंग के बाद गिले-शिकवे भुलाकर साथ लौटे पति-पत्नी

**धार ।** किसी भी तरह की हिंसा से महिला एवं बालिका सुरक्षा के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए जिला कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यकम अधिकारी श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में महिलाओं के शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा, सामाजिक हिंसा, एवं आर्थिक प्रताड़ना को रोकने हेतु सेतु का कार्य करने का प्रयास करता है। जिससे महिलाओं व बालिकाओं के जीवन सुरक्षित करने में सहायता मिल सके।प्रशासक श्रीमती ज्योत्सना सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि किसी भी हिंसा से पीडित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर (सखी) छः तरह की सहायता एक ही छत के निचे पुलिस सहायता, आपालकालीन सहायता, कानूनी सहायता, परामर्श सहायता, स्वास्थ्य सेवा व आश्रय सहायता, दी जाती है। वन स्टॉप सेंटर पर सी.एम. हेल्प लाईन जनसुनवाई पुलिस के माध्यम से व स्वयं से भी प्रकरण दर्ज होते है। प्रकरण में दोनों पक्षों को बुलवाकर व्यक्तिगत व सामुहिक काउंसिलिंग की प्रक्रिया कर परिवारों में सुलह समझौते का प्रयास किया जाता है। जिससे परिवारों को टूटने से बचाया जा सकें। काउंसलर चेतना राठौर द्वारा बताया कि प्रकरण 1 में प्रार्थिया द्वारा पति के अत्यधिक शंका के चलते शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना की शिकायत की थी। प्रार्थिया ने बताया कि विवाह को लगभग 15 वर्ष हो चुके है। परन्तु पति द्वारा आज भी लड़ाई झगडा मारपीट की जाती है। आपसी विवाद होने से प्रार्थिया अपने बच्चों को लेकर अपने मायके महाराष्ट्र चली गई थी और महाराष्ट्र से सीधा वन स्टॉप सेंटर धार आकर अपनी समस्या बताई और यह कहा की अब वह अपने पति के साथ जाना नही चाहती और तलाक चाहती क्योकि वह प्रार्थिया के साथ बच्चों को भी प्रताड़ित करते और ठीक से घर की जिम्मेदारीयाँ नही उठाते प्रार्थिया भी कम्पनी में काम कर घर खर्च उठाती है।

# दसई क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर ऑयल-विद्युत तार चोरी की घटनाएं बढ़ीं

**सरदारपुर । दसई चौकी प्रभारी दिनेश यादव ने बताया कि धार सचिन शर्मा के निर्देशन में व एएसपी पारूल बेलापुरकर, एएसपी विजय डावर व एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी अमझेरा राजू मकवाना के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली हैं।**

पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई थी कि लौहारी रोड पर तीन व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े होकर चोरी के संबंध में आपस में कुछ बाते कर रहे है। मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुँचे तो पुलिस टीम को देखकर वह लोग भागने लगे जिन्हें बमुश्किल पकडकर चौकी पर



लाया गया। जिनके नाम पते पूछते उन्होंने अपने नाम कृष्णा पिता नरसिंह मुनिया जाति भील उम्र 32 साल निवासी ग्राम लौहारी, सुनील पिता सोहन डामर जाति भील उम्र 25 साल निवासी ग्राम जौलाना व गोलू पिता कमल मचार जाति भील उम्र 20 साल निवासी जौलाना का रहना बताया।

#### आरोपियों से 5 लाख 32 हजार का माल जब्त

काफी पूछताछ करते उनके द्वारा बताया गया कि हम तीनों और हमारे साथी करण पिता नाहरसिंह भूरिया निवासी ग्राम जौलाना व धर्मेन्द्र उर्फ झितरिया निवासी ग्राम खुटपला ने मिलकर कृष्णा मुनिया की टवेरा गाड़ी से दसई-लौहारी रोड पर स्थित 3 विद्युत ट्रांसफार्मरों (डीपी) से आईल चुराया था। उसके बाद करीब 3 महीने पहले ग्राम दंतोली में स्थित 3 ट्रांसफार्मरों से, करीब 02 महीने पहले दसई-लौहारी रोड से कुल 6 ट्रांसफार्मरों से आईल और करीब एक महीने पहले ग्राम पाना काकड से करीब डेढ़ किमी के तार की चोरी हम लोगों ने मिलकर की थी। ग्राम दसई-लोहारी रोड पर और ग्राम दंतोली से जिन ट्रांसफार्मरों का आईल चोरी किया था जिसे हमने देपालपुर के लखन पिता पप्पू केवट को जो कि भंगार खरीदने का काम करता है उसे बेच दिया है। आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त टवेरा गाडी और चुराया गया माल 70 मीटर तार व 50 लीटर ट्रांसफार्मर का आईल जब्त किया गया है। आरोपी से कुल 5 लाख 32 हजार रूपये का मश्रुका जब्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक मन्नुसिंह भूरिया, दिनेश यादव, अब्दुल रऊफ खान, आरक्षक मेहरबानसिंह गुर्जर व रमेश भोसले, सहयोगी महेश सीरवी तथा सायबर शाखा धार के आरक्षक प्रशांतसिंह का योगदान रहा।





# जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान गणना कार्य पूर्ण

▶ कार्य के प्रति जागरूकता रखने पर कर्मचारियों को सम्मानित किया

**सरदारपुर । जनगणना 2027के अंतर्गत चल रहे मकान गणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुपरवाइजर धर्मेंद्र परमार एवं प्रगणक श्री लक्ष्मीनारायण पाटीदार तथा जयप्रकाश झाला द्वारा सरदारपुर क्षेत्र में प्रथम गणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया**

इस उपलब्धि पर आदरणीय तहसीलदार श्री मुकेश बामनिया द्वारा सभी कर्मियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तहसीलदार महोदय ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में कर्मचारियों की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण सराहनीय हैसम्मान प्राप्त होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा सभी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं

### केंद्रीय विद्यालय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में धार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**धार ।** केंद्रीय विद्यालय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन बालक वर्ग हेतु जोन नंबर-2 ग्वालियर एवं बालिका वर्ग हेतु जोन नंबर-2 भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 480 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें में धार जिले के 3 खिलाडि़यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया।बालक वर्ग अंडर-19 के 63 किलोग्राम भार वर्ग में ओम डावर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## हिंदू पक्ष के वकील ने मुस्लिम पक्ष के वकील की आपत्ति का किया खंडन

**धार ।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में भोजशाला विवाद की सुनवाई के दौरान, हिंदू पक्ष की ओर से याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी के अधिवक्ता मनीष गुप्ता ने मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों का विस्तृत एवं पुरजोर खंडन किया।

मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष की याचिकाओं को सुनवाई योग्य न होना बताते हुए इन्हें विलंब से प्रस्तुत करना बताया। उन्होंने भोजशाला से प्राप्त मूर्ति को मां वाग्देवी के बजाय जैन अंबिका की मूर्ति होना बताया और यह दावा किया कि भोजशाला हमेशा से मस्जिद रही है। साथ ही, उन्होंने अलाउद्दीन खिलजी के 1305 ई. के आक्रमण से पूर्व हिंदू राजाओं द्वारा पांच बार धार पर आक्रमण कर मंदिर तोड़ने का उल्लेख किया, लेकिन खिलजी द्वारा मंदिर तोड़ने का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।

मनीष गुप्ता ने इन आपत्तियों का ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर समग्र खंडन करते हुए भोजशाला को प्राचीन मंदिर घोषित करने की मांग दोहराई। उनके द्वारा निम्नलिखित तर्क हाई कोर्ट के समक्ष रखे गए हैं। यह याचिका पूजा एवं धार्मिक अधिकारों से संबंधित है तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की वैधानिक जिम्मेदारियों को सुनिश्चित करने हेतु प्रस्तुत की गई है, अतः पूर्णतः सुनवाई योग्य है।

**विलंब का अभाव :** हर शुक्रवार भोजशाला में नमाज़ आयोजित होने से याचिका प्रस्तुत करने का कारण उत्पन्न होता रहता है, इसलिए कोई विलंब नहीं है।

**मूर्ति की पहचान :** ब्रिटिश संग्रहालय में संरक्षित मां वाग्देवी की मूर्ति के नीचे अंकित शिलालेख स्पष्टतः इसे मां वाग्देवी की मूर्ति घोषित करता है। इसमें उल्लेख है कि राजा भोज ने विक्रम संवत् 1091 में इसकी प्राण-प्रतिष्ठा करवाई थी।

**मंदिर के लक्षण :** किसी इमारत को मस्जिद सिद्ध करने हेतु विशिष्ट लक्षण अनिवार्य हैं—जैसे मीनार (अजान हेतु), वज़ू-स्थान तथा पश्चिम दिशा निर्देशक मेहराब। भोजशाला में ये अनुपस्थित हैं। भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण रिपोर्ट से सिद्ध होता है कि पश्चिमी दीवार के मध्य में मेहराब बाद में काटकर बनाई गई, क्योंकि पूरी नींव पश्चिमी दीवार के नीचे मौजूद है किंतु मेहराब के नीचे नींव नहीं है। इस इमारत में कोई वजू खाना और मीनार भी नहीं है।

**मंदिर के प्रमाण :** राजा भोज रचित समरांगण सूत्रधार ग्रंथ के अनुसार, भोजशाला की लंबाई-चौड़ाई 6×4 अनुपात में है। मध्य में चौकोर हवन कुंड (9 हस्त लंबाई-चौड़ाई) ईंटों से निर्मित है, जबकि संपूर्ण इमारत पत्थरों की है।

# गोलपुरा में नर्मदा जल का भव्य स्वागत

**सरदारपुर । नर्मदा लिंक परियोजना अंतर्गत आज ग्राम पंचायत गोलपुरा में मां नर्मदा के पवित्र जल का आगमन हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों द्वारा मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया तथा क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की गई।**

इस अवसर पर सरपंच दीपिका अर्जुन गामड़, भाजपा युवा नेता अर्जुन गामड़, अमरसिंह गोयल, धनराज परमार, किशोर बैरागी एवं शिव गामड़ सहित बड़ी संख्या में



ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मां नर्मदा का पूजन कर क्षेत्र में खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

ग्रामीणों ने कहा कि माही नर्मदा लिंक परियोजना क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों एवं आमजन के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। परियोजना से सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा गांव के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

## बदनावर में बालक वर्ग और नागदा में बालिका वर्ग शिविर में लेगा भाग

### छः दिवसीय ग्रीष्मकालीन अणु आवासीय संस्कार शिविर 11 मई से होंगे शुरू

**बदनावर।** संस्कारों से ही बच्चों का भविष्य सँवरता हैं और बच्चों में संस्कारों का प्रारंभिक बीजारोपण बचपन में मां के द्वारा मिलता हैं। लेकिन वहीं धर्म के संस्कार की बढ़ती पायदान नियमित पाठशाला व संस्कार शिविर के माध्यम से होती हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आचार्यश्री उमेशमुनिजी के दिव्य आशीर्वाद एवं धर्मदास गणनायक, प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी के कृपामय आशीर्वाद से जैन समाज की भावी पी?ी में संस्कारों का बीजारोपण करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन आवासीय शिविर का आयोजन धर्मदास गण परिषद की युवा शाखा अखिल भारतीय श्री धर्मदास स्थानकवासी जैन युवा संगठन के द्वारा किया जाता है।

16 मई तक लगेगा यह शिविर

इस वर्ष यह शिविर बदनावर व नागदा (धार) श्री संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत इस वर्ष छः दिवसीय ग्रीष्मकालीन अणु आवासीय संस्कार शिविर का आयोजन 11 मई से 16 मई तक होगा। 17 मई को समापन समारोह होगा इसके अंतर्गत बालक वर्ग का बदनावर एवं बालिका वर्ग का नागदा (धार) में शिविर का आयोजन होगा। दोनों स्थानों पर आयोजित शिविर में कई श्री संघों के बालक - बालिकाएं बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

14 संयमी आत्माओं का मिलेगा सानिध्य

बदनावर में यह शिविर तत्वज्ञश्री धर्मेंद्रमुनिजी, संदीपमुनिजी, अभयमुनिजी, जंयतमुनिजी, प्रशस्तमुनिजी, सुयशमुनिजी, प्रसन्नमुनिजी, संजीवमुनिजी ठाणा - 8 एवं साध्वी श्री मधुबालाजी, सुनीताजी आदि ठाणा - 6 सहित कुल 14 संयमी आत्माओं का पावन सानिध्य मिलेगा। वहीं इधर नागदा (धार) में साध्वीश्री पुण्यशीलाजी आदि ठाणा 8 के सानिध्य में होगा। अखिल भारतीय श्री धर्मदास स्थानकवासी जैन युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग नाहर (लीमखेड़ा) ने बताया कि उक्त आयोजित शिविर में 10 वर्ष से 22 वर्ष तक के बच्चें भाग ले सकेंगे।

**ज्ञान में अभिवृद्धि का शिविर :** जैन युवा संगठन ने अभिभावक जन से आह्वान किया कि बच्चों में धर्म के संस्कारों का बीजारोपण करने एवं धार्मिक ज्ञान में अभिवृद्धि के लिए अपने बच्चों को अणु आवासीय संस्कार शिविर में अवश्य भेजें। यह शिविर बच्चों के जीवन को संस्कारवान बनाने व जीवन धर्ममय संवरने के लिए सहायक रूप में मुख्य भूमिका निभाएगा।

## एक नजर में

**विधायक कालुसिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर किया जोरदार हमला**

# किसानों पर अत्याचार यही है कांग्रेस का इतिहास : विधायक ठाकुर

**मांडू ।** मध्यप्रदेश का अन्नदाता किसान, प्रदेश ही नहीं वरन् भारत का गौरव है । इस बात को कांग्रेस हजम नहीं कर पा रही है जिसके कारण आज कांग्रेस पूरी तरह से किसानों के खिलाफ घिनौना षडयंत्र कर उन्हें पूरी तरह से नाकारा सिद्ध करने पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है, जबकि प्रदेश का किसान मेहनती है। मध्य प्रदेश में अनाज का उत्पादन बढ़ता जा रहा है।

किसानों को कर्मभूमि से अलग कर आंदोलन के लिए बाध्य करना कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी मानसिकता है। प्रदेश सरकार जब समर्थन मूल्य पर भारी मात्रा में किसानों से अनाज खरीदी कर रही है प्रदेश के किसान हितैषी मुख्यमंत्री जी पूरी लगन एवं निष्ठा से समर्थन मूल्य में खरीदी पर



औचक निरीक्षण कर किसानों को उनका हम दिलवाने में कोई कसर नहीं छो? रहे हैं, इस बात से कुछ लोगों को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है

आज किसानों के नाम पर किए जा रहे चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन को लेकर विधायक कालू सिंह ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार पूरी तरह किसान हितैषी सरकार है। सरकार लगातार किसानों की फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद कर रही है और हर सरकारी खरीद केंद्र पर किसानों की गाड़ियां सुव्यवस्थित तरीके से कतारबद्ध दिखाई दे रही हैं। यह बात कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है।

विधायक ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग किसानों को भ्रमित कर मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने और औद्योगिक क्षेत्रों, नए हाईवे सहित हर जगह किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा पट्टी की उनकी विधानसभा में सैकड़ों तालाब और बेहतर सिंचाई व्यवस्था होने से किसान खुशहाल हैं और उन्हें सिंचाई की कोई बड़ी समस्या नहीं है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुँच रहा है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विधायक ठाकुर ने कहा कि किसानों को भड़काकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है, और उनकी विधानसभा में किसानों एवं आम नागरिकों को भड़काकर सभी को भ्रमित कर रही है।लेकिन प्रदेश का किसान जागरूक है और विकास एवं किसान हित में काम करने वाली सरकार के साथ खड़ा है। मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार किसानों के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए हमेशा तत्पर रही है और आगे भी रहेगी।




## फोरलेन पर क्रॉसिंग नहीं, अस्पताल पहुंचने से पहले अटक रही मरीजों की सांसें

**बदनावर।** ग्राम पिटगारा स्थित सरदार पटेल हॉस्पिटल तक पहुंचने के लिए फोरलेन पर क्रॉसिंग व्यवस्था नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इमरजेंसी स्थिति में हर मिनट कीमती होने के बावजूद मरीजों को बदनावर चौपाटी तक जाकर वापस घूमकर अस्पताल पहुंचना पड़ता है, जिससे उपचार में देरी हो रही है।

अस्पताल संचालक डॉ. यश कपाड़िया ने बताया कि अस्पताल में सभी आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित सड़क दुर्घटना में घायल अधिकांश मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार गंभीर हालत में मरीज और उनके परिजन घबराहट के कारण पिटगारा चौराहे से रांग साइड होकर जान जोखिम में डालते हुए अस्पताल पहुंचने का प्रयास करते हैं। उनका कहना है कि यदि गंभीर मरीज 10 से 15 मिनट देर से अस्पताल पहुंचते हैं, तो समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण स्थिति जानलेवा भी बन सकती है।